बर्षः- 06
अंकः- 36
मुरादाबाद
(Wednesday)
27 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

**2 Years of PM Modi: कल्याणकारी सुधार से आत्मनिर्भर भारत पर जोर**

## शिवराज की नई पुस्तक अपनापनः नरेंद्र मोदी के साथ मेरे अनुभव का विमोचन, सुनाया ईमेल-फीमेल वाला किस्सा




भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत की विकास यात्रा में बड़ा बदलाव का जिक्र किया। पार्टी नेताओं ने बड़े पैमाने पर औद्योगिक विकास से लेकर गांवों, शहरों, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, तकनीक और राष्ट्रीय सुधारों के क्षेत्र में कई पहलों का जिक्र किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल मंगलवार को पूरे हो गए हैं। साल 2014 में 26 मई को नरेंद्र मोदी ने देश के 15वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी को उनके कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर लिखा, 26 मई 2014 को भारत की विकास यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। जिस दिन नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली, वह दिन देश में शासन-व्यवस्था, नेतृत्व और राष्ट्रीय संकल्प में एक निर्णायक परिवर्तन का प्रतीक बन गया। आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण से लेकर आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन तक, आधारभूत संरचना के विस्तार से लेकर वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत मौजूदगी और सशक्त राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तक, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व गति के साथ प्रगति की है। आज भारत पहले से कहीं अधिक मजबूत, आत्मविश्वासी और गौरवपूर्ण राष्ट्र के रूप में पूरे विश्व के सामने खड़ा है। आज भारत की विकास गाथा पहले से कहीं अधिक समावेशी और लोककल्याणकारी बनी है।रक्षा मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'अंत्योदय' की भावना को सही मायनों में साकार किया गया है। करोड़ों लोग, जो दशकों तक हाशिये पर रहे, आज भारत की विकास यात्रा के सक्रिय सहभागी बने हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र आज सरकार के निर्णयों की धुरी बन चुका है। सच्चे अर्थों में एक 'प्रधान-सेवक' के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपना प्रत्येक क्षण मां भारती और देशवासियों की सेवा के लिए समर्पित किया है। उनकी अथक मेहनत, अटूट संकल्प और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ समर्पण करोड़ों लोगों को निरंतर प्रेरित करता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और राष्ट्र-सेवा के लिए निरंतर शक्ति प्रदान करें।महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक्स पर लिखा, देश के लोकप्रिय और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र तपस्वी और तेजस्वी हैं। उनका नेतृत्व त्रिकालदर्शी है। इस नेतृत्व की तपपूर्ति का यह एक तेजोमय दिवस है। शिवसेना और महाराष्ट्र की 13 करोड़ जनता की ओर से आपका अभिनंदन। 12 वर्ष केवल सत्ता के नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा की अखंड तपश्चर्या के थे। उन्होंने आगे कहा, स्वच्छ भारत से डिजिटल इंडिया, सर्जिकल स्ट्राइक से आत्मनिर्भर भारत, राम मंदिर से चंद्रयान, महिला सशक्तिकरण से विकसित भारत 2047 तक, यह यात्रा एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि 140 करोड़ जनता की है। महाराष्ट्र की महायुति सरकार को भी इस कार्यकाल में विकास की नई ऊर्जा मिली है। भारत के अमृतकाल का नया पर्व शुरू हो गया है। नए भारत के निर्माण के लिए पीएम मोदी को बधाई – सम्राट चौधरी

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पीएम मोदी को बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और विकसित भारत के संकल्प को समर्पित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जनविश्वास, विकास और राष्ट्रसेवा के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए हैं। इन 12 वर्षों में देश ने आत्मनिर्भरता, जनकल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। सम्राट चौधरी ने कहा, अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का संकल्प आज एक सशक्त जनआंदोलन बन चुका है। नए भारत के निर्माण हेतु समर्पित यशस्वी प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी एक्स पर लिखा, राष्ट्र निर्माण की इस प्रेरणादायी यात्रा के लिए प्रधानमंत्री को कोटिशः नमन एवं हार्दिक शुभकामनाएं। पिछले 12 वर्षों में आपके दूरदर्शी नेतृत्व ने भारत को विकास, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के नए शिखरों तक पहुंचाया है। गरीब कल्याण से लेकर महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति से लेकर बुनियादी ढांचे के अभूतपूर्व विस्तार और सांस्कृतिक गौरव के पुनर्जागरण तक, प्रत्येक क्षेत्र में भारत ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। त्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, 26 मई 2014 यह केवल एक तिथि नहीं बल्कि भारत के नवयुग के शुभारंभ का ऐतिहासिक क्षण था, जब देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास, सुशासन और आत्मविश्वास से भरे नए भारत की दिशा में कदम बढ़ाया। पिछले 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखकर अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा, जहां एक ओर देश ने विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान बनाई, वहीं दूसरी ओर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य भी अभूतपूर्व गति से हुआ। गरीबों के लिए पक्के घर, हर घर जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तीकरण, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, तेजी से विकसित होती सड़क-रेल-हवाई कनेक्टिविटी और युवाओं के लिए नए अवसर, इन 12 वर्षों में भारत ने विकास की नई परिभाषा लिखी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपनी नई पुस्तक के विमोचन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा एक पुराना किस्सा साझा किया। शिवराज सिंह ने अपनापन- नरेंद्र मोदी के साथ मेरे अनुभव नाम की नई किताब लिखी है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अपनी नई पुस्तक %अपनापन- नरेंद्र मोदी के साथ मेरे अनुभव% का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं की पारंपरिक कार्यशैली और तकनीक को अपनाने में आई शुरुआती झिझक का जिक्र किया।शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता पारंपरिक तरीके से काम करते रहे हैं और कई बार तकनीक का व्यापक उपयोग करने की मानसिकता नहीं रही। उन्होंने मोबाइल फोन के शुरुआती दौर का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय इसे फाइव-स्टार कल्चर% से जोड़ा जाता था।विमोचन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ा एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया कि जब नरेंद्र मोदी पार्टी के प्रभारी के तौर पर मध्य प्रदेश आए थे, तब मैं राज्य इकाई में महासचिव था। इस दौरान चुनाव तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई थी।शिवराज ने की पीएम मोदी की दूरदर्शिता की तारीफ-उन्होंने कहा कि इसके बावजूद नरेंद्र भाई ने ईमेल और तकनीक के महत्व पर जोर दिया। चौहान ने कहा कि पीएम मोदी ने दूसरों से बहुत पहले यह समझ लिया था कि अगर भारत के भविष्य को आकार देना है और एक विकसित भारत का निर्माण करना है, तो प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनकी यह दूरदर्शिता पार्टी के भीतर तकनीक को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई। पीएम मोदी के साथ पहली मुलाकात का किया जिक्र अपनी पुस्तक के विमोचन पर केंद्रीय मंत्री ने पीएम मोदी के साथ अपनी पहली मुलाकात का किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा, आतंकवाद अपने चरम पर था। कश्मीर घाटी में, कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। डॉ. मुरली मनोहर जोशी भाजपा के अध्यक्ष थे। भाजपा ने तय किया कि एकता यात्रा का नेतृत्व वे करेंगे और श्रीनगर के लाल चौक पर तिरंगा फहराया जाएगा।द्र भाई को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। जब मैं पहली बार नरेंद्र भाई से मिला, तो उस पहली मुलाकात में ही मैंने उनके विचार देखे- जनता तक पहुंचना, लोगों को एकजुट करना और देशभक्ति की भावना जगाना। उन्होंने कहा कि तिरंगा सिर्फ श्रीनगर के लाल चौक पर ही नहीं फहराया जाएगा। तिरंगा देश के हर नागरिक के दिल में लहराना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्तः यूपी समेत तीन राज्यों को फटकार; फर्जी नंबर वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन रोकने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने सीसीटीवी, भर्ती और सख्त कार्रवाई पर जोर दिया।चंबल घड़ियाल अभयारण्य में लगातार बढ़ रहे अवैध रेत खनन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सख्त रुख अपनाया। अदालत ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सरकारों को तत्काल प्रभाव से प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए राज्यों को निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी और खाली पड़े वन रक्षक पदों पर जल्द भर्ती करनी होगी।सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। अदालत ने मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से अवैध रेत ढुलाई की मीडिया रिपोर्ट का भी संज्ञान लिया। कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर रिपोर्ट सही है तो अधिकारियों ने अदालत में गलत हलफनामा दाखिल किया है।सुप्रीम कोर्ट ने तीनों राज्यों को प्रभावित इलाकों में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल सेंटर और मॉनिटरिंग सिस्टम लगाने के निर्देश दिए हैं। हा कि यह काम युद्ध स्तर पर किया जाए और छह महीने के भीतर सभी निगरानी व्यवस्था पूरी तरह चालू होनी चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिन वाहनों का इस्तेमाल अवैध खनन में हो रहा है,

## अखिलेश बोलेः यूपी में सरकार अपनी धाक जमाने के लिए फेक एनकाउंटर करा रही, जिसमें कई बेगुनाहों के परिवार उजड़े



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में फर्जी एनकाउंटर कराए जा रहे हैं और कई निर्दोष परिवार प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि सरकार अपनी छवि और दबदबा बनाने के लिए ऐसी कार्रवाई कर रही है।सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को सपा कार्यालय में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने भाजपा जमकर बोला। पुलिस की कार्यशैली भी सवाल उठाए। कहा कि आजकल फेक एनकाउंटर की खबरें काफी सुनने को आ रही हैं। कई परिवारों ने इस बारे में खुलकर बात की है।इससे पता चलता है कि सरकार फेक एनकाउंटर की साजिश लगातार कर रही है। सरकार की मर्जी के अनुसार फेक एनकाउंटर हो रहा है। अपनी धाक जमाने के लिए यूपी में एनकाउंटर किए जा रहे हैं। ये सरकार जाति देखकर एनकाउंटर करवाती है। यूपी में सपा सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार गिर जाएगी अखिलेश यादव ने कहा, उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही केंद्र की भाजपा सरकार भी गिर जाएगी। भाजपा सरकार फेक एनकाउंटर की तरह फेक अर्थव्यवस्था का भी प्रचार कर रही है। डॉलर जितना ऊपर जाएगा, चाय उतनी महंगी होती जाएगी और इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। भाजपा सरकार के 10 वर्षों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) वर्ग पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। सबसे अधिक फर्जी एनकाउंटर पीडीए वर्ग के लोगों के हुए हैं और उन्हें धमकाने के उद्देश्य से इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। अखिलेश यादव ने जौनपुर के एक यादव पुजारी के कथित एनकाउंटर का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने संघर्ष करके पुजारी परिवार को न्याय दिलाया और दोषियों को जेल भिजवाया।फर्जी एनकाउंटर करने वाले लोग मानसिक रोगी बन जाते हैं। उन्होंने 2020 हाथरस केस का जिक्र करते हुए कहा कि जो तस्वीर 2020 में हाथरस में देखने को मिली थी, वैसी ही स्थिति अब 2026 में भी दिखाई दे रही है।सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी है और सरकार के संरक्षण में फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं। बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। भाजपा ने दस साल में बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने केवल बिजली का बिल बढ़ाकर जनता से लूट की है। आज प्रदेश में जो बिजली मिल रही है, वह सपा सरकार में लगाए गए बिजलीघरों से आ रही है। भाजपा ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में धकेल दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गए हैं। भाजपा असत्य के रास्ते पर है। भाजपा ने पूरे उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। रोज-रोज पेट्रोल-डीजल को महंगा करने का क्या अर्थ है।

## लगातार हार के बाद बदली रणनीतिः कांग्रेस अब दलित वोटरों पर करेगी फोकस, राहुल बोले- पुरानी गलतियां करेंगे दूर



राहुल गांधी ने कहा कि अब कांग्रेस में दलितों को मुख्य स्थान मिलेगा। उन्होंने माना कि अतीत में कांग्रेस ने दलितों के लिए सही कदम नहीं उठाए। इसके साथ ही राहुल गांधी ने भाजपा पर दलित अधिकार कमजोर करने और क्षेत्रीय दलों को खत्म करने का आरोप लगाया राहुल गांधी ने कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी के भीतर दलितों की भूमिका अहम होगी। राहुल गांधी ने बिना किसी का नाम लिए यह स्वीकार किया कि 1980 और 90 के दशक में कांग्रेस ने दलितों के लिए सही कदम नहीं उठाए थे। उन्होंने कहा कि अगर उस समय सही फैसले लिए जाते, तो जाति आधारित क्षेत्रीय पार्टियां कभी पैदा नहीं होतीं और न ही दलित समुदाय कांग्रेस से दूर जाता। राहुल गांधी के अनुसार, कांग्रेस की अपनी नीतियों की वजह से ही ये क्षेत्रीय दल मजबूत हुए।बैठक में मौजूद सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने बसपा के संस्थापक कांशीराम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने दलित समाज को एकजुट करने और उनमें आत्मविश्वास भरने का बहुत बड़ा काम किया। राहुल गांधी ने भाजपा पर भी कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक तरफ क्षेत्रीय दलों को खत्म करने की कोशिश कर रही है, तो दूसरी तरफ दलितों के हक छीन रही है। उन्होंने कहा कि देश में दलितों पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कांग्रेस अब दलितों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी और बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को सच करेगी।राहुल गांधी ने करीब एक साल पहले ओबीसी समुदाय की अनदेखी के लिए भी माफी मांगी थी। अब वह दलितों के मामले में भी वैसी ही बात कह रहे हैं। वह दलित और पिछड़े वर्गों के बीच कांग्रेस की पकड़ फिर से मजबूत करना चाहते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान की प्रति लेकर कई रैलियां की थीं। उन्होंने जनता से कहा था कि मोदी सरकार के दौरान संविधान खतरे में है। माना जाता है कि इस रणनीति का कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को बड़ा फायदा मिला और दलितों ने उन्हें जमकर वोट दिया। इसी वजह से लोकसभा में कांग्रेस की सीटें पहले से दोगुनी हो गई।आने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राहुल गांधी ने दलितों तक पहुंचने का अभियान तेज कर दिया है। पिछले हफ्ते उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में दलित स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की प्रतिमा का अनावरण किया था। वहां उन्होंने एक बहुजन सभा को भी संबोधित किया। इससे एक दिन पहले कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने लखनऊ में मायावती से मिलने

## संपादकीय Editorial

### Is India a leading economy?

Eminent economist Surjit Bhalla has served on Prime Minister Modi's Economic Advisory Council and served as Executive Director at the International Monetary Fund. Therefore, the indicators of the Indian economy he describes are not merely criticisms of the government, but also serious questions. He raises the paradox that the BJP is at the "climax" of its political career. While the Bengal electoral victory is certainly historic, it is losing on the economic front. The country's economy is weak and low. There is no guarantee that it will not fall into the "lowest" category. According to economist Bhalla, India ranks 9th in terms of GDP growth, 8th in per capita GDP growth, and 16th in terms of per capita growth in dollar terms. Bangladesh ranks first with 8.3 percent annual per capita growth. Ethiopia, a country of war-torn and sunburned faces, is in second place with 7.2 percent GDP growth. India's per capita growth in US dollars is 4.7%, ranking it 16th. Based on Dr. Bhalla's data, it's natural to question whether India is a "major economy" or still a "fragile economy." The renowned economist's primary concern is the decline in private and foreign investment (averaging 32%) and the continued devaluation of the rupee over the past seven years. Exports have also declined significantly. Another analysis comes from Professor Santosh Mehrotra, also an internationally renowned development economist. During 2009-14, he served as Director General (equivalent to a Secretary in the Government of India) of the Institute of Applied Human Resource Research in the Planning Commission. He is still a visiting professor of economics at several universities, including Britain and Moscow. Professor Mehrotra has conducted a research analysis that shows that approximately 121 million young people in India are neither studying nor working. Of these, approximately 80 million youth cite agriculture as their occupation, which is their ancestral work. Such widespread youth labor is being wasted because they are unemployed. This is a shameful and ironic situation for the country. According to Professor Mehrotra, the unemployment rate has tripled between 2012 and 2025. Regardless of what the government claims, the retail inflation rate has also crossed 5% and will continue to rise rapidly. It is an irony of the country's system that the incomes of workers, daily wage earners, and self-employed individuals have not increased in the current times. How will these sections be able to cope with inflation? In fact, another economic paradox is that Prime Minister Modi has just returned from a five-nation tour. During this period, 57 agreements were signed with India. The Prime Minister also met with more than 50 global CEOs. Today, the Indian market and economy are at the center of the European Union. A prime example of this is the signing of a Free Trade Agreement between India and the European Union in January 2026. This was not the case during the Cold War. India did not have close, strategic, and cordial relations with the West because we made decisions based on the defense and economic policies of the then-Soviet Union. Today, India's export market and strategic partnerships with Europe in areas such as capital, advanced technology, green energy, AI, semiconductor chips, defense, infrastructure, culture, intelligence sharing, and investment have made India a pivot. If European countries have signed so many agreements with India, India will be economically empowered and have a large market! Today, countries like France, Germany, the Netherlands, and the Nordic countries are also developing close and deep strategic ties with India, demonstrating India's all-round strength. Europe is also partnering with India to mitigate.

# Look back: Not all knowledge is found in libraries; aging is not simply a sign of decay.

The young mind always wants to conquer the world, but the old mind understands that understanding oneself is more difficult than conquering the world. Old age certainly slows a person down, but in that slowness, the deepest understanding of life is born. Growing old gradually teaches us that life is not just a process of integration, but also a long journey of disintegration and disintegration. In childhood, the world seems like a complete picture, relationships are simple, dreams are clear, and time seems so vast, as if it will never end. But as we age, we begin to understand that each passing year takes something away. The glow on our faces fades, our bodies lose strength, old people gradually turn into memories, and even amidst the crowds of people in life, a loneliness begins to emerge. Yet, aging isn't just about decay. If a person's values, society, and experience work in the right direction, old age becomes beautiful, because age reveals what the hustle and bustle of youth doesn't reveal. The young mind always wants to conquer the world, but the old mind understands that understanding itself is more difficult than conquering the world. The eyes of an elderly person reflect the journeys of years; their silence conceals many losses, forgiveness, and acceptance. Old age certainly slows a person down, but in that slowness, the deepest understanding of life is born. That's why older people find meaning in even the smallest things. The world often forgets that every young face will one day grow old. In a society where the elderly are considered a burden, compassion slowly dies, because the elderly are not just old people, but witnesses to time. The elderly have seen life in its most difficult forms, and therefore possess a wealth of experience and knowledge that cannot be acquired by visiting a library. The most beautiful meaning of growing old is that a person gradually understands that the essence of life lies not in competition, but in relationships, memories and love.

# Second Innings: In a group, it's not age that counts, but enthusiasm.

"Senior groups" are helpful in helping senior citizens realize they are not alone. By joining group discussions and group-based programs, the elderly can not only share their joys and sorrows but also learn skills that will help them become self-reliant and live a happy life. The greatest need in old age is not just for medicines, but also for support, affection, and proper guidance. This is why group discussions and group programs are being promoted in many places today. Their purpose is not just to communicate, but to make the lives of the elderly more healthy, safe, and joyful. The greatest benefit of these group meetings/programs is that they make the elderly feel that they are not alone. Society stands with them. When people of the same age sit together, share their experiences, and understand each other's problems, the burden on the mind is lightened. Additionally, often what doctors or books fail to explain is easily explained by the simple advice of fellow elders. These meetings and programs also discuss food and nutrition, as these are the biggest concerns in old age. Everyone in the group shares their experiences, and their small insights prove to be very useful to others. Some elderly women teach each other how to make nutritious dishes and drinks using ingredients readily available in the kitchen. This not only improves health but also boosts self-confidence. Initiatives like the Prabal Yatra program place special emphasis on growing vegetables around the home. Many elderly people in villages grow green vegetables in their courtyards or on a small plot of land behind their homes. This provides fresh vegetables, and gardening also brings peace to the mind. Many elders jokingly say that plants and trees are our calmest friends; watering them brings a smile. Often, senior citizens avoid exercise, thinking that they are old enough. However, light physical activity becomes even more important in old age. Therefore, very simple exercises are also taught in such meetings. In many villages, the elderly form groups and exercise in parks or community centers. Many interesting measures are also taken to maintain mental health. Some ask riddles, others remind people of old proverbs, and others hum songs. Memory-enhancing games are also played in many places. This reduces loneliness and keeps the mind active. Due to the weakening of the body in old age, slippery slopes, broken stairs, or darkness often lead to accidents. Therefore, these programs or groups also discuss the importance of a safe environment at home and in the surroundings. Today, the need is not just for hospitals and medicines, but for a sensitive society where senior citizens can live with dignity and happiness. If villages, neighborhoods, and families make small efforts together, old age can become a peaceful and beautiful phase of life. True compassion is to hold the trembling hands of someone who has supported others throughout their lives. Elders are not just old household items, but like a lamp whose flame may dim, but it never ceases to illuminate the house. - Poonam Pandey

# Issue: The right initiative in Nicobar will further enhance India's strategic hub in the Indo-Pacific region.

In light of China's growing ambitions in the Indian Ocean, the strategic hub in Car Nicobar will further enhance India's influence in the Indo-Pacific region. Just as the Himalayas stand as sentinels on India's northeastern borders, the Andaman and Car Nicobar Islands lie in the Bay of Bengal in the southern Indian Ocean. This group of 36 islands, located 1,200-1,400 kilometers from the Indian mainland, has 30 inhabited islands. This island group is located at the confluence of the South China Ocean and the Indian Ocean. Car Nicobar is only 160 kilometers from the Strait of Malacca, so all ships passing through it are monitored from here. Thus, the Car Nicobar Islands hold strategic importance, similar to the Strait of Hormuz. Recognizing this importance, the Indian government launched the ambitious $10 billion Great Nicobar Project in 2001 to develop the Andaman and Car Nicobar Islands for maritime security and for shipping and trade between India and other countries. This is being seen as a game-changer in the Indian and Pacific Ocean regions, as the countries surrounding the Strait of Malacca carry their imports and exports through this route. In particular, 80 percent of China's oil and gas imports from Arab countries pass through the Strait of Hormuz. Currently, Indian cargo ships must transit cargo through Singapore and Colombo, but with the development of facilities in the Nicobar Islands, Indian ships will no longer have to rely on foreign ports. From a strategic perspective, establishing a strong military base in the Nicobar Islands is a good step. This will enable India to fully monitor maritime traffic passing through this region and protect its cargo ships. China is seeking to establish its control over the entire Indian Ocean. India has also established bases in Sabang, Indonesia, and the port of Jhanki in Singapore under a policy called the Necklace of Diamonds to secure its maritime traffic. The Andaman and Nicobar Islands lacked adequate military support to monitor China's activities in the Indian Ocean and to use military force if necessary. Therefore, to strengthen the strategic security of the Andaman and Nicobar Islands, a military command was established on October 1, 2001. This command includes troops from all three armed forces and the Coast Guard. This is known as the Theater Command. This provides immediate access to all types of military support under the control of a single commander to deal with enemy challenges. Due to the strategic importance of the Nicobar Islands, a forward surveillance station has also been established there to monitor both the surface and subsurface areas of the ocean. To counter Chinese aggression, Japan, Australia, the United States, and India have formed an organization called the Quad. The Andaman and Nicobar Islands, located near the Strait of Malacca, have become a strategically important location for the organization. The development of Great Nicobar Island is increasing India's influence in the Indian Ocean.



# कातिल प्रेमी: पड़ोसी को फंसाने के लिए रची खौफनाक साजिश, जिंदा जल गई प्रेमिका पर न तोड़ा वादा; ऐसे हुआ खुलासा

अनेगश्री के पति की 13 साल पहले मृत्यु हो गई थी। उस समय उसका पुत्र छह माह का था। पुलिस द्वारा मामले में की गई विवेचना में जो सच सामने आया, पुलिस के अनुसार महिला अनेगश्री का गांव के ही कल्याण से प्रेम प्रसंग चल रहा था।यूपी के संभल स्थित गुन्नौर की मौत के मामले में पुलिस की विवेचना में जो सच सामने आया फंसाने के लिए महिला के प्रेमी ने ही पूरा षड्यंत्र रचा था। एएसपी व्यक्ति को फंसाने के लिए महिला को आग लगाने के लिए उकसाने किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में नामजद महिला ने लिया था श्योराज का नाम- घटनाक्रम के अनुसार गुन्नौर अनेगश्री 18 मई की भोर में करीब साढ़े तीन बजे संदिग्ध परिस्थिति अलीगढ़ और बाद में दिल्ली उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन श्योराज व उसके एक अन्य साथी द्वारा आग लगाए जाने का बयान ग्राम गोकुलपुर थाना रामघाट, जनपद बुलंदशहर ने श्योराज व एक जिंदा जलाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया था। महिला घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी समेत अन्य की 13 साल पहले मृत्यु हो गई थी। उस समय उसका पुत्र छह माह सामने आया, पुलिस के अनुसार महिला अनेगश्री का गांव के ही साथ गांव में एक कमरे में रह रही थी। वह दूसरी जगह अपना दो हुआ था श्योराज से महिला का विवाद- इसी के निर्माण को लेकर उसने प्रेमी कल्याण से की तो उसने श्योराज को फंसाने के लिए



थाना क्षेत्र के गांव में एक सप्ताह पूर्व जलने से हुई महिला है, वह चौंकाने वाला है। रंजिशन गांव के ही व्यक्ति को दक्षिणी ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि दूसरे वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसे कोर्ट में पेश कराए गए व्यक्ति को पुलिस ने क्लीन चिट दे दी है। कोतवाली के ग्राम रसूलपुर निवासी किशनपाल की विधवा में आग लगने से गंभीर रूप से झुलस गई। उसी दिन पहले उसकी मौत हो गई। इस मामले में अनेगश्री ने गांव के ही दिया था। इसी आधार पर महिला के भाई अमरीश निवासी अज्ञात के खिलाफ जान से मारने की नीयत से महिला को के पति की हो चुकी 13 साल पहले मौत- इस गंभीर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। अनेगश्री के पति का था। पुलिस द्वारा मामले में की गई विवेचना में जो सच कल्याण से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अनेगश्री अपने पुत्र के कमरों का मकान बनवा रही थी। मकान बनाने को लेकर पड़ोसी श्योराज से उसका विवाद हुआ था। इसकी शिकायत योजना बना डाली। साजिश के तहत कल्याण ने कहा कि वह अपने कपड़ों में थोड़ा सा डीजल डालकर आग लगा लेना और श्योराज का नाम लगा देना। महिला ने ऐसा ही किया, लेकिन वह आग में 80 प्रतिशत जल गई थी। घटना के कुछ मिनट बाद ही कल्याण उसके घर पहुंच गया और महिला को लेकर गुन्नौर के एक अस्पताल में पहुंचा। यहां डॉक्टर ने उपचार करने से इनकार कर दिया तो वह महिला को अलीगढ़ ले गया। यहां जानकारी होने के बाद महिला के भाई समेत अन्य मायके वाले भी पहुंच गए। यहां से महिला के भाई ने कल्याण को भगा दिया। इसके बाद नाजुक हालत में अनेगश्री को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कल्याण सिंह को सोमवार की सुबह 8.45 बजे उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया। शुरू से ही शक के दायरे में था महिला का प्रेमी कल्याण- महिला की आग में जलने से हुई मौत को लेकर शुरू से ही उसका प्रेमी कल्याण शक के दायरे में था। इसमें पहला शक तो गांव के लोगों को तभी हो गया था, जब साढ़े तीन बजे महिला को आग लगी और गांव के दूसरे छोर पर रहने वाला कल्याण चंद मिनट में ही महिला के पास पहुंच गया। परिवार के लोगों को जानकारी भी नहीं हुई और वह इलाज के लिए उसे अलीगढ़ तक ले गया। इसके साथ ही महिला को रास्ते में यही समझाया कि उसे श्योराज को फंसाने के लिए उसी का नाम लेना है। घटना के बाद कल्याण लगातार उसके साथ रहा और अंतिम संस्कार में भी मौजूद रहा। पुलिस का बयान- महिला के गांव के ही कल्याण सिंह नामक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस की विवेचना में प्रकाश में आए कल्याण सिंह पर शक की सुई घूमी तो खुलासा हो गया। महिला का पड़ोसी से विवाद चल रहा था। जिसके चलते उसके प्रेमी ने पड़ोसी को फंसाने के लिए महिला को खुद आग लगाने के लिए उकसाया था। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। -मनोज कुमार तोमर, एएसपी दक्षिणी संभल।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर हादसा: दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत, दो की मौत छह लोग गंभीर जख्मी, मच गई अफरा तफरी

संभल के गंगा एक्सप्रेसवे पर गांव अझरा के पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दिल्ली निवासी दो लोगों की मौत हो गई। हादसा गलत दिशा में कार चलाने के कारण हुआ। एक चालक को हिरासत में लिया है।संभल जिले के कैलादेवी थाना सड़क हादसा हो गया। गांव अझरा के दिल्ली निवासी दो लोगों की मौत जबकि के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी मच के गलत दिशा में चलने के कारण हुआ। तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।सूचना मिलते ही तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है।वहीं पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद कुछ रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी से दो हिस्सों में बंटा ट्रैक्टर, एक घायल- रविवार रात डीसीएम ने आगे चल रहे ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। गंभीर रूप से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर व डीसीएम को कब्जे में ले लिया है। गांव ढांक सहीद निवासी इब्ले हसन और



क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे पर मंगलवार को पास दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे गई। बताया जा रहा है कि हादसा एक कार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारें बुरी पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों दूसरी कार के चालक को हिरासत में लेकर देर तक एक्सप्रेसवे पर यातायात भी प्रभावित है। गंगा एक्सप्रेसवे पर डीसीएम की टक्कर हसनपुर में गुजरने वाले गंगा एक्सप्रेसवे पर ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में से घायल ट्रैक्टर चालक को निजी अस्पताल रेफर किया गया है।पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली बताते हैं कि जनपद संभल के असमोली के उसका भाई दिले हसन संभल क्षेत्र से ट्रैक्टर-ट्रॉली में ईंट लादकर नोएडा में बेचने जाते हैं। रविवार की देर रात दोनों भाई नोएडा से वापस खाली ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर संभल लौट रहे थे। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में गांव रूखालू के पास रविवार देररात पीछे से आ रही डीसीएम ने आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्राली में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया। इस हादसे में इबले हसन बुरी तरह से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से मेरठ रेफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी का कहना है कि मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# तीन मंजिला मकान और घर में टीवी तक नहीं, जनगणना में संपत्तियों का ब्योरा देने में आनाकानी कर रहे लोग

जनगणना में लगे प्रगणकों को संपत्तियों का ब्योरा देने में लोग आनाकानी कर रहे हैं। प्रगणक लोगों से 33 बिंदुओं पर सवाल पूछते हैं, उनके जवाब के आधार पर ब्योरा करते हैं। प्रगणकों के मुताबिक लोग आसानी से घरों का दरवाजा नहीं खोलते हैं।मुरादाबाद के नवाबपुरा क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान है। छह दुकानें भी हैं। लेकिन आपको साइकिल तक नहीं है और तो और कई गणना में इस तरह की बात सामने आ को संपत्तियों का ब्योरा देने में लोग घरों की गणना शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया जिले में करीब सात हजार प्रगणक लगाए 180 घरों की गणना कर उनका ब्योरा से 33 बिंदुओं पर सवाल पूछते हैं, उनके हैं। प्रगणकों के मुताबिक लोग आसानी हैं। मकान, वाहन, सुविधा, डिजिटल और जानकारी देने में लोग आनाकानी करते कार है कि नहीं, किरायेदार कितने हैं, लैपटॉप-कंप्यूटर आदि सवाल शामिल हैं,



में तीन भाइयों का परिवार रहता जानकर ताज्जुब होगा इस घर में घरों में टीवी तक नहीं। घरों की रही है। जनगणना में लगे प्रगणकों आनाकानी कर रहे हैं।22 मई से 22 जून तक चलेगी। इसके लिए गए हैं। एक प्रगणक को 120 से दर्ज करना है। इसमें प्रगणक लोगों जवाब के आधार पर ब्योरा करते से घरों का दरवाजा नहीं खोलते सामान से जुड़े सवालों की हैं। इसमें घर में कितने कमरें है, एलपीजी कनेक्शन है कि नहीं, जिनका जवाब देने से लोग बचते हैं।अभी तक की गणना के मुताबिक शहर के कुछ मोहल्ले ऐसे भी हैं, जहां करीब 90 फीसदी घरों में टीवी नहीं है। इंटरनेट सेवा नहीं है। दो से तीन मंजिले मकानों में कार-बाइक तो छोड़िए यहां साइकिल तक नहीं है। लोग करते ये सवाल क्यों पूछ रहे हैं हम क्यों बताए हम कुछ नहीं बताएंगे-किचन दो है तो कुछ दोगे क्याम कान से जुड़े सवाल- भवन नंबर, जनगणना मकान नंबर, फर्श किस चीज का बना है, दीवार किस चीज की बनी है, छत किस चीज की बनी है, मकान का उपयोग (रहने, दुकान आदि), मकान की हालत कैसी है परिवार से जुड़े सवाल- घर का नंबर (परिवार के लिए), कुल कितने लोग रहते हैं, परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया महिला या पुरुष, मुखिया किस वर्ग से हैं, मकान अपना है या किराये का, कितने शादीशुदा जोड़े हैं, परिवार के पास रहने के लिए कमरों की संख्या सुविधा से जुड़े सवाल- पीने का पानी कहां से आता है, पानी की सुविधा घर में है या बाहर, बिजली/रोशनी का मुख्य साधन, शौचालय है या नहीं, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी कैसे होती है, नहाने की जगह है या नहीं, रसोई है या नहीं, एलपीजी/पीएनजी है या नहीं, खाना पकाने का मुख्य ईंधन-डिजिटल और सामान से जुड़े सवाल- रेडियो/ट्रांजिस्टर है या नहीं, टीवी है या नहीं- इंटरनेट सुविधा है या नहीं, लैपटॉप/कंप्यूटर है या नहीं, मोबाइल/फोन है या नहीं वाहन और अन्य जानकारी साइकिल/स्कूल/बाइक है या नहीं, कार/जीप/वैन है या नहीं, परिवार कौन सा अनाज ज्यादा खाता है, मोबाइल नंबर

# सीसीटीवी खंगालते रहे परिजन, नहीं खुला होटल संचालक की मौत का राज

मुरादाबाद-बाजपुर बस स्टैंड स्थित जायका चिकन कॉर्नर के संचालक नसरुद्दीन की संदिग्ध मौत का रहस्य अब तक नहीं खुल सका है। मामले में परिजनों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन कोई संदिग्ध गतिविधि सामने नहीं आई।होटल में खाना खाने के बाद बिगड़ी थी तबियत

बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात होटल के पास किराये के कमरे में संदिग्ध भोजन खाने के बाद नसरुद्दीन और कारीगर मोहम्मद हनीफ की अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उनके साथ परिवार के तीन अन्य सदस्य भी गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार रात ही कारीगर फारूक अहमद की मौत हो गई थी। वहीं नसरुद्दीन को गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान शनिवार को उसने भी दम तोड़ दिया। परिजनों ने खंगाले आसपास के सीसीटीवी- अजीमनगर के गांव नागलिया आकिल से पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने होटल और किराये के कमरे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। काफी देर तक जांच पड़ताल के बाद भी कोई संदिग्ध व्यक्ति कमरे की ओर जाता दिखाई नहीं दिया। परिजनों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। दोनों मृतकों का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस को नहीं मिली लिखित शिकायत- चौकी इंचार्ज सोहन पाल सिंह ने बताया कि मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। बताया जाता है कि नसरुद्दीन और उसके परिवार ने आलू की कतली और दही का सेवन किया था। सूचना मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खाद्य सामग्री के नमूने भी लिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एयरपोर्ट पर खड़ा है डिप्टी CM का प्लेन, तकनीकी टीम करेगी परीक्षण, उड़ाने से पहले निकला था धुआं

मुरादाबाद एयरपोर्ट पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के प्लेन में उड़ान से पहले तकनीकी खराबी आ गई। इंजन से धुआं निकलने के बाद उन्हें सड़क मार्ग से लखनऊ रवाना होना पड़ा। मंगलवार को लखनऊ से आने वाली तकनीकी टीम प्लेन की जांच करेगी। इसके बाद विमान को रवाना किया जाएगा।मुरादाबाद में उड़ान से पहले मुरादाबाद एयरपोर्ट पर प्लेन में आई खराबी की जांच मंगलवार को तकनीकी टीम करेगी। तब तक प्लेन मुरादाबाद एयरपोर्ट पर ही खड़ा रहेगा। जांच के बाद प्लेन को लखनऊ के लिए रवाना किया जाएगा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक सोमवार शाम 4:15 बजे काफिले के साथ मुरादाबाद एयरपोर्ट पहुंचे थे।जबकि उनके आने का समय 5:30 बजे निर्धारित था। 5:35 बजे प्लेन को लखनऊ के लिए रवाना होना था। समय से पहले एयरपोर्ट पहुंचे डिप्टी सीएम ने भाजपा के मंडल महामंत्रियों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मंडल महामंत्रियों के साथ बैठक की जिसमें संगठन की मजबूती पर चर्चा की गई। इसके बाद वह लखनऊ के लिए प्लेन में सवार हुए।उड़ान से पहले ही प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद उन्हें प्लेन छोड़कर कार से लखनऊ जाना पड़ा। प्लेन की तकनीकी खराबी की जांच के लिए मंगलवार को लखनऊ से टीम आएगी। यह टीम इंजन से धुआं निकलने की जांच करेगी। टीम की ओर से ओके सर्टिफिकेट मिलने के बाद उसे लखनऊ के लिए रवाना किया जाएगा।महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने बताया कि तय कार्यक्रम के मुताबिक डिप्टी सीएम को एयरपोर्ट पर साढ़े पांच बजे पहुंचना था। लेकिन वह पहले आ गए। महानगर के दस मंडलों के महामंत्री उनके स्वागत में पहुंचे थे। प्लेन में तकनीकी खराबी आने पर बाई रोड लखनऊ चले गए। संभल से आई फ्लीट से लखनऊ के लिए हुए रवाना- अमरोहा का दौरा पूरा करने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक संभल पहुंचे। यहां के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के बाद वह फ्लीट के साथ मुरादाबाद एयरपोर्ट के निकले। उड़ान के लिए प्लेन के पंखें घूमने शुरू हुए तो धुआं निकलने लगा। इसके बाद वह प्लेन से उतर गए। करीब 5:10 बजे वह उसी फ्लीट के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए।उड़ने से पहले ही विमान के इंजन से निकला धुआं, सुरक्षित निकाले गए डिप्टी सीएम- मुरादाबाद एयरपोर्ट पर सोमवार की शाम 4:15 बजे टेकऑफ से पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई और धुआं निकलने लगा। इससे हड़कंप मच गया। तत्काल एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों ने डिप्टी सीएम को विमान से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। विमान में उस वक्त डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, पायलट, निजी सचिव समेत छह लोग सवार थे। जब विमान की तकनीकी खराबी दूर नहीं हुई तो डिप्टी सीएम कार में सवार होकर लखनऊ के लिए रवाना हो गए। सोमवार को डिप्टी सीएम ने अमरोहा और संभल जिलों में अस्पतालों का निरीक्षण किया था और अफसरों व भाजपा नेताओं के साथ समीक्षा बैठकें की थीं। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक डिप्टी सीएम को संभल दौरे के बाद मुरादाबाद एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए सरकारी विमान से रवाना होना था। संभल से डिप्टी सीएम शाम को कार द्वारा एयरपोर्ट पहुंचे। करीब एक घंटे पहले ही बीच क्राफ्ट सुपर किंग एयर 200 कंपनी का विमान मुरादाबाद एयरपोर्ट पर पहुंच गया था। डिप्टी सीएम एयरपोर्ट के वीआईपी लॉज में अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद करीब 4.15 बजे विमान में सवार हो गए। उनके अलावा विमान में पायलट, सुरक्षा कर्मी और निजी सचिव समेत छह लोग थे। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि विमान के पायलट की लगातार एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) से वार्ता चल रही थी। विमान के इंजन स्टार्ट थे और एटीसी से टेकऑफ की अनुमति भी मिल गई थी। विमान को रनवे पर आना था लेकिन इसी दौरान विमान के एक इंजन से धुआं निकलने लगा। पायलट ने तुरंत इसकी जानकारी एयरपोर्ट प्रशासन को दी।एयरपोर्ट के अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों ने तत्काल डिप्टी सीएम तथा अन्य लोगों को सुरक्षित विमान से बाहर निकाला। काफी देर तक जब विमान की तकनीकी खराबी ठीक नहीं हो पाई तो शाम करीब 4.30 बजे डिप्टी सीएम कार से लखनऊ के लिए रवाना हो गए। एयरपोर्ट के सहायक प्रबंधक एटीसी अजय कुमार ने बताया कि विमान एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। पायलट ने विमान कंपनी के अधिकारियों को सूचना दे दी है। इंजीनियरों की टीम आकर जांच करेगी। इसके बाद ही पता चल पाएगा कि विमान में क्या खराबी आई थी।विमान में कुछ तकनीकी खराबी आ गई थी। जिस कारण उपमुख्यमंत्री कार से लखनऊ चले गए हैं। विमान में क्या तकनीकी खराबी आई थी यह तो एयरपोर्ट प्रशासन और विमान कंपनी के अधिकारी ही बता पाएंगे। - सतपाल अंतिल, एसएसपी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# तेज रफ्तार टैम्पो ने बाइक को मारी टक्कर, बाइक सबार युवक की मौत से इलाके में मातम

क्यूँ न लिखूँ सच / नाज़िम हुसैन अंसारी / मुरादाबाद जनपद के नगर पंचायत ढकिया में मंगलवार






सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा प्रधान बैंक्वेट हॉल के पास मंगलवार सुबह करीब 9ः30 बजे हुआ, जहां तेज रफ्तार टैम्पो ने ओवरटेक करने के दौरान बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।जानकारी के अनुसार, शाहजमा पुत्र हनीफ निवासी ढकिया अपनी बाइक से डिलारी की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रहे टैम्पो संख्या क्र21 तज्ञ 0943 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मृतक के भाई ने थाना डिलारी पहुंचकर टैम्पो चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# जन-चौपाल में गूंजा जनता का विश्वास, चौकी बगदरा में समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण

**क्यूँ न लिखूँ सच / मानस मिश्रा / बगदरा, सिंगरौली** आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान के तहत दिनांक 26 मई 2026 को चौकी बगदरा अंतर्गत सामुदायिक भवन बगदरा में भव्य जन-चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और मौके पर ही त्वरित निराकरण कर पुलिस प्रशासन ने जनता का भरोसा मजबूत किया। कार्यक्रम में बी.पी. कोल दरोगा साहब ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था, साइबर अपराध,




अवैध गतिविधियों एवं सामाजिक समरसता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। जन-चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा रखी गई समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया। जन-चौपाल में इन गणमान्य लोगों की रही विशेष उपस्थितिः आर.आई. राजस्व हरि सिंह भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लालबहादुर सिंह वैश्य। बूथ अध्यक्ष सरजू पॉल सचिव राहुल शुक्ला मंडल कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। , कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सड़क, राजस्व, सुरक्षा, अवैध गतिविधियों और स्थानीय समस्याओं को लेकर खुलकर अपनी बात रखी, जिस पर संबंधित अधिकारियों द्वारा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। जनता और पुलिस के बीच संवाद का यह प्रयास क्षेत्र में सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ। बगदरा में आयोजित यह जन-चौपाल न केवल समस्याओं के समाधान का मंच बना, बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास की नई मिसाल भी कायम कर गया।

# यूपी सरकार के फैसले से प्रधानों में खुशी की लहर, भगतपुर में मिठाई बांटकर जताया आभार

क्यूँ न लिखूँ सच / नाज़िम हुसैन अंसारी / मुरादाबाद ञ भगतपुर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल छह माह बढ़ाए जाने के फैसले के बाद पूरे प्रदेश के ग्राम प्रधानों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पहले प्रदेश भर के ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने वाला था, लेकिन पंचायत चुनाव समय पर न हो पाने के कारण सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए सभी ग्राम प्रधानों को अगले छह महीने तक प्रशासक के रूप में कार्य करने की अनुमति दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद ग्राम पंचायतों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। भगतपुर ब्लॉक क्षेत्र में भी प्रधान संघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान एकत्र हुए और सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। प्रधानों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया तथा प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानों ने कहा कि सरकार के इस फैसले से गांवों में चल रहे विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लगातार मिलता रहेगा। प्रधानों ने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में यदि कार्यकाल समाप्त हो जाता तो गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो सकते थे। ऐसे में सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय ग्रामीण विकास और पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, सफाई और अन्य विकास योजनाओं का कार्य निरंतर जारी रहेगा, जिससे ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष नवाव अली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायतों की व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए दूरदर्शिता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह फैसला ग्राम प्रधानों के साथ-साथ ग्रामीण जनता के हित में भी है। प्रधान संघ अध्यक्ष नवाव अली सहित ब्लॉक भगतपुर के सभी प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को धन्यवाद पत्र भेजकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान कई प्रधानों ने सरकार के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे पंचायतों में विकास की गति बनी रहेगी और अधूरे कार्य समय पर पूरे हो सकेंगे। इस दौरान सभी प्रधानों में उत्साह देखने को मिला और पूरे कार्यक्रम में जश्न जैसा माहौल बना रहा।




# जनसुनवाई में त्वरित निराकरण से खिले आवेदकों के चेहरे

क्यूँ न लिखूँ सच / मायावती अहिरवार/ 303 आवेदनों में से 193 समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान, संतुष्ट होकर लौटे नागरिक । कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा आयोजित जनसुनवाई में कुल 303 आवेदकों ने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया।जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री गुप्ता ने गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों की सुनवाई करते हुए 193 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कराया। समस्याओं का त्वरित समाधान होने पर आवेदकों के चेहरों पर संतोष और खुशी स्पष्ट दिखाई दी। कई आवेदक अपनी समस्याओं के निराकरण के बाद प्रसन्नचित मुद्रा में अपने घरों की ओर लौटते नजर आए। जनसुनवाई कक्ष में अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पंक्तिबद्ध व्यवस्था के तहत आवेदनों की सुनवाई कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए तथा निराकरण की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई। कार्यक्रम के दौरान राजस्व, सामाजिक न्याय, बिजली, पेयजल, पेंशन, भूमि विवाद, आवास तथा अन्य जनहित से जुड़े प्रकरण प्राप्त हुए। प्रशासन द्वारा प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध निराकरण का भरोसा दिलाया गया।जिला प्रशासन की इस सक्रिय पहल से आमजन में प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है तथा जनसुनवाई कार्यक्रम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभर रहा है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से खण्ड स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर आवेदनो के निराकरण संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है तदानुसार लटेरी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि लटेरी के ग्राम अलीगढ कोटरा के आवेदक श्री किशन सिंह अहिरवार की भूमि का नामांतरण कार्य एक दिवस में पूर्ण कर सूचित करें। सिरोंज तहसील के ग्राम मोहम्मद नगर के आवेदक श्री कंछेदी पुत्र हरिचंद लोधी ने ईटीएस मशीन द्वारा सीमांकन कराए जाने का आग्रह किया मौके पर इस संबंध में एसडीएम को आवश्यक निर्देश दिए गए और आवेदक को आश्वस्त कराया गया कि बुधवार को सीमांकन संबंधी कार्य पटवारी के माध्यम से संपादित करा दिया जाएगा। इसी प्रकार शमशाबाद तहसील के ग्राम सतपाडाहाट निवासी आवेदक श्री संतोष एवं सांवरिया पुत्रगण श्री आशाराम चैकसे ने अवगत कराया कि प्रार्थीगण द्वारा किसान आईडी बनवाई गई उसमें प्रार्थीगणो की भूमि अतिरिक्त अन्य के खसरा दर्ज किए गए है। त्रुटिसुधार का कार्य कलेक्टर द्वारा मौके पर निर्देशित कर कराया गया है। ग्यारसपुर ग्राम लखूली के आवेदक श्री दिनेश नाथ ने आवास दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया ततसंबंध में सर्वे प्रक्रिया से अवगत कराया गया है। विदिशा तहसील के ग्राम हरूखेडी के आवेदक श्री फूल सिंह अहिरवार ने अपनी बहू और नातिन का नाम खाद्यान्न पर्ची में जोडे जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था ततसंबंध में जनपद सीईओ, जीएसएस व सचिव को निर्देशित किया गया है कि पात्रतानुसार कार्यवाही शीघ्र संपादित करें। इसी प्रकार पीपलखेडा की आवेदिका तुलसाबाई प्रजापति के द्वारा वृद्धावस्था पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था जिसे पात्रतानुसार मौके पर कार्यवाही पूर्ण कराई गई। ग्राम गुरारिया हवेली श्रीराम किरार के द्वार शासकीय नाले एवं नगरीय स्कूल की भूमि पर अवैध रूप से डाली गई पार मिटाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। बासौदा वार्ड नम्बर नौ के निवासी नंद सिंह पुत्र धन सिंह अहिरवार ने आवास पट्टे की प्रमाणित प्रतिलिपि दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिस पर नगरपालिका अधिकारी को कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। ग्राम पिथौली की आवेदिका प्रियंका राजपूत ने दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली राशि के संबंध में किए गए पत्राचार से अवगत कराया। ततसंबंध में सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को यथाशीघ्र कार्यवाही कर दिव्यांग दम्पति को योजना के तहत प्रदाय की जाने वाली राशि शीघ्र आवंटित की जाए। जनसुनवाई कक्ष में विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती दीपाश्री काशवानी समेत विभिन्न विवाहों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।



## संक्षिप्त समाचार

# स्त्रोत पर ही रोको अवैध खनन व परिवहन, टास्क फोर्स करेगी संयुक्त कार्रवाई

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में कानून व्यवस्था एवं जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति की उच्चस्तरीय बैठक कर अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना रॉयल्टी परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन एवं अवैध परिवहन से संबंधित शिकायतों पर तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाए। उन्होंने सख्त तेवर अपनाते हुए निर्देश दिए कि खनन पट्टा क्षेत्रों की आकस्मिक निगरानी अब ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को तुरंत चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जा सके।उन्होंने तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों को सक्रिय करते हुए निर्देश दिए कि स्त्रोत स्थल पर पहुंचकर अवैध खनन एवं परिवहन को रोका जाए। ओवरलोडिंग, बिना रॉयल्टी एवं एनआर वाहनों पर कठोर कार्रवाई करते हुए कहा गया कि यदि कोई वाहन तीन बार अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसे ब्लैकलिस्ट करते हुए सीज एवं स्क्रैप कराने की कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी अधिकारी अकेले चेकिंग नहीं करेगा। समस्त कार्रवाई टास्क फोर्स समिति द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी, जिससे जांच में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्रवाई पूरी दक्षता एवं समन्वय के साथ हो ताकि जनपद में अवैध परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी बालू पट्टा धारक की अवैध खनन में संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई करते हुए पट्टा निरस्तीकरण की प्रक्रिया भी अमल में लाई जाए। तहसील स्तरीय टास्क फोर्स समितियों की कार्रवाई की निगरानी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी, आईपीएस एवं एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य को जनपद प्रभारी नामित किया गया है। दोनों अधिकारियों को लगातार इनपुट एकत्र कर अवैध खनन में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कालपी स्थित यमुना पुल पर चल रहे मरम्मत कार्य के दृष्टिगत वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार निगरानी रखी जाए ताकि किसी भी स्थिति में जाम की समस्या उत्पन्न न हो और आमजन को आवागमन में असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, समस्त उप जिलाधिकारी, सीओ आदि सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग ने दौड़ाई लग्जरी कार, पिता भी थे साथ में सवार, वायरल हुआ वीडियो

सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए नाबालिग बच्चों को बाइक व स्कूटी चलाकर स्कूल न आने देने के डीएम के आदेश को दरकिनार करते हुए एक पिता ने पुत्र मोह में 13 वर्षीय नाबालिग बेटे के हाथ कार का स्टीयरिंग थमा दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया वीडियो वायरल हो गया। पिता ने नाबालिग बेटे को थमाया स्टीयरिंग सोमवार को सिविल लाइंस स्थित पीएमएस स्कूल के आसपास एक पिता ने अपने 13 वर्षीय नाबालिग बच्चे के हाथ में अपनी लग्जरी कार का स्टीयरिंग पकड़ा दिया।

जिससे बच्चे की जान के साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की जान पर भी खतरा हो सकता था। बच्चा खुलेआम सड़क पर लग्जरी कार दौड़ाता नजर आया। इसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस सक्रिय वीडियो में बच्चा कार की स्टेयरिंग संभालते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने इसे गंभीर लापरवाही बताकर यातायात नियमों की अनदेखी करार दिया। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग पर भी लोगों ने सवाल खड़ा किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बैठकों में भी दिया जा चुका है निर्देश कुछ दिन पहले जिला सड़क सुरक्षा समिति और संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठकें हुई थी। जिसमें जिलाधिकारी और मंडलायुक्त ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर नियमों के सख्ती से पालन का निर्देश दिया था। बैठक में स्कूलों में नाबालिग छात्र छात्राओं को स्कूटी व बाइक चलाकर स्कूल न आने के लिए मना कर दिया गया था। लेकिन इसके बाद भी न तो संबंधित विभाग और न ही अभिभावक गंभीरता दिखा रहे हैं। जानिए क्या कहते हैं अफसर एआरटीओ प्रवर्तन आनंद निर्मल ने बताया कि स्कूलों में नाबालिग बच्चों को बाइक और स्कूटी से आने पर पाबंदी लगा दी गई है। नाबालिग के कार चलाने का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसे देखकर वाहन नंबर पर चालानी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार का कहना है कि एक नाबालिग बच्चे के द्वारा कार चलाने की वीडियो वायरल होने की जानकारी मिली है। इस कार नंबर पर चालानी कार्रवाई कर दी गई है।

# बदायूं पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ तीन बदमाशों के पैर लगी गोली



क्यूँ न लिखूँ सच /रंजीत सिंह/ बदायूं - आज थाना इस्लामनगर क्षेत्रांतर्गत आज रात्रि मे ग्राम सिठौली व कस्बा इस्लामनगर मे हुई डकैती/लूट के सम्बन्ध में थाना इस्लामनगर पर मारपीट कर आभूषण व नगदी ले जाने के सम्बन्ध में अज्ञात अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किये गये थे।एसएसपी सुश्री अंकिता शर्मा मुकदमों के अनावरण हेतु निर्देश दिये गये थे आदेश के अनुपालन मे एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी बिल्सी के नेतृत्व मे थाना इस्लामनगर पर पंजीकृत मुकदमो का सफल अनावरण कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी / माल बरामदगी हेतु टीमें गठित की गयी थी रात्रि को मुखबिर खास द्वारा पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि डकैती/लूट के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्तगण इस्लामनगर - चंदौसी मार्ग बरई पुल के पास ग्राम उल्ला के जंगल में छिपे हुए हैं जो किसी नई घटना को अंजाम दे सकते हैं इस सूचना पर थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जंगल की घेराबंदी की गयी जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अपने आप को घिरता हुआ देखकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किये, जिसमें पुलिस आरक्षी अनुज कुमार घायल हो गया, आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग की गई जिसमें 01 अभियुक्त के दोनो पैरों तथा 02 अभियुक्तगण के दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायल अभियुक्तगण से नाम पता पूछा गया तो अभियुक्तगण ने अपना नाम 1.किसनपाल पुत्र ऊबी निवासी जिनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल 2. मनोज पुत्र टेपाल उर्फ तेजपाल निवासी परतापुर थाना बहजोई जनपद सम्भल 3. भूरे उर्फ भूरा पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम अतरोली थाना भोजपुर जनपद हापुड़ बताया, जिसके कब्जे से 03 अदद तमंचा 315 बोर, 06 जिंदा व खोखा कारतूस 315 बोर व डकैती की घटना में ले जाये गए आभूषण (सफेद व पीली धातु) व 35,000/- रुपये बरामद हुए है घायल पुलिस कर्मी व अभियुक्तगण को पुलिस सुरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल बदायूँ भेजा गया है। काम्बिंग के दौरान 02 अन्य अभियुक्तगण को भी गिरफ्तार किया गया जिनसे नाम पता पूछा तो उन्होने अपना नाम 1.दीपक गोस्वामी उर्फ पण्डित पुत्र कल्लू निवासी बहजोई जनपद सम्भल 2.ओमवीर पुत्र मोहरसिंह निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल स्थायी पता ग्राम बछेड़ा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस मुठभेड़ की घटना के सम्बन्ध में थाना इस्लामनगर पर अभियोग पंजीकृत किया गया एवं गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण को माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा।

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, हर पोर्टल पर दिखे प्रगति में सुधार – डीएम

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ मातृ-शिशु स्वास्थ्य, एनआरसी, टीबी उन्मूलन और आभा आईडी की समीक्षा में कई ब्लॉकों की धीमी प्रगति पर सुधारात्मक दिए निर्देश जिलाधिकारी राजेश कुमार




पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कर स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं पोर्टलों की गहन समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पोर्टलों पर वास्तविक प्रगति परिलक्षित होनी चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित एसएनए स्पर्श पोर्टल 2.0 एवं डीडीओ पोर्टल पर कर्मचारियों, आशा, आशा संगिनी तथा जेएसवाई लाभार्थियों के रजिस्ट्रेशन कार्य की प्रगति देखी गई। अधिकारियों ने अवगत कराया कि ब्लॉक स्तरीय इकाइयों को 330.00 की लिमिट आवंटित की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने लंबित पंजीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।आरसीएच पोर्टल की समीक्षा में कई इकाइयों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्ययोजना बनाकर वर्क प्लान पोर्टल से डेटा जनरेट करते हुए सभी सूचनाएं समय से अपडेट की जाएं। गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) चिन्हांकन की समीक्षा के दौरान छिरिया, कदौरा, पिंडारी, कुठौंद, कालपी, रामपुरा एवं अरवन क्षेत्र के कई उपकेंद्रों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की समय रहते पहचान कर उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एएनएम के क्षमता संवर्धन तथा पीएमएसएमए दिवस पर 15 से 20 प्रतिशत एचआरपी चिन्हित करने के निर्देश दिए। एफबीएनसी पोर्टल के अंतर्गत एनआरसी कार्यक्रम की समीक्षा में बेड ऑक्यूपेंसी दर मात्र 59 प्रतिशत पाए जाने पर जिलाधिकारी ने समस्त चिकित्सा इकाइयों को निर्देशित किया कि अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर जिला चिकित्सालय स्थित एनआरसी में भर्ती कराया जाए। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक स्तरीय इकाई को न्यूनतम 25 बच्चों को प्रतिमाह एनआरसी में भर्ती कराने का लक्ष्य दिया। साथ ही जिला महिला चिकित्सालय, पुरुष चिकित्सालय तथा सीएचसी कोच, कालपी, जालौन एवं माधौगढ़ के बाल रोग विशेषज्ञों को ओपीडी के दौरान बच्चों की स्क्रीनिंग कर एनआरसी में भर्ती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसएनसीयू एवं एनबीएसयू इकाइयों की समीक्षा में सीएचसी जालौन, माधौगढ़ एवं कोंच में कम एडमिशन तथा कम बेड ऑक्यूपेंसी पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और आगामी माह में सुधार लाने के निर्देश दिए।ई-कवच पोर्टल के तहत आभा आईडी, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, सीबीएसी स्क्रीनिंग तथा हेल्थ फैसिलिटी लॉगिन की समीक्षा में न्यूनतम प्रगति वाले ब्लॉकों को चेतावनी देते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन में रामपुरा, कदौरा, कुठौंद, डकोर, उरई एवं अरवन ब्लॉकों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने प्रभावी रणनीति बनाकर प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। वहीं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल स्क्रीनिंग अभियान को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच /रंजीत सिंह/ जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि वह शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें, ऐसा न करने पर संबंधित बैंकर्स




के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि वह विभिन्न शासकीय योजनाओं के आवेदकों के प्रति आदर का भाव रखें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें। आवेदन को बिना ठोस आधार के निरस्त न किया जाए। बैठक में प्लेज पार्क योजना अंतर्गत उद्यमियों व्यापारियों को प्राइवेट औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया, उन्हें बताया कि इस पर सरकार एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लोन की भी सुविधा है, यह एक बेहतर योजना है। मिनी औद्योगिक स्थान बिसौली में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए। बैठक में विद्युत अवस्थापना व अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में चार सदस्य कमेटी का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया गया जिसमें अन्य सदस्यों में विद्युत विभाग के अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य कार्यदायी संस्था के अभियंता को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्व रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना आदि योजनाओं के आवेदनों, निरस्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों की एक-एक कर समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश सभी बैंक अधिकारियों व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल में समय अंतर्गत लंबित सभी प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान लाल पुल पर ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के उद्यमियों के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को उसका सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, सहायक सूचना निदेशक आशुतोष चन्दोला, उपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, उद्यमी व व्यापारी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री पं हरिओम उपाध्याय ने धनुष यज्ञ लीला का फीता काटकर शुभारंभ किया

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम खुटेला में श्री मद भागवत कथा और महायज्ञ राम लीला मंचन का कार्यक्रम चल रहा है इसी को लेकर गांव में रात के समय क्षेत्रीय राम लीला मंचन से जुड़े कलाकारों द्वारा मंचन हो रहा है बीती रात राम लीला रंगमंच पर धनुष यज्ञ लीला का मंचन हुआ जिसका अतिथि माधोगढ़ क्षेत्र के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री सपा नेता पं हरिओम उपाध्याय ने विधि विधान के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया इस अवसर पर अतिथि पं हरिओम उपाध्याय ने



कहा कि मां सरस्वती जी और भगवान राम से प्रार्थना है कि वह इस तरह गांव में रामलीला की यह परम्परा कायम रखे और गांव में सुख समृद्धि का भंडार भरा रहे उन्होंने कहा कि इस राम लीला मंचन से राम के आदर्श पर चले आज हमें राम की लीला से बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजक मंडल को बधाई दी और भगवान राम की आरती उतारी सपा नेता प्रतिपाल सिंह गुर्जर बद्दू भैया ने कहा कि इस तरह के गांवों में आयोजन निश्चित रूप से अच्छा संदेश देते है उन्होंने सभी को इस कार्यक्रम को लेकर आभार जताया कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के नेता जमींपाल सिंह गुर्जर पवन जरा ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से गांव में अच्छे होते है और गांवों के लोगों के सहयोग से होते है यह आयोजन गांव में अच्छ बतावरण देते है। इस दौरान शिवेंद्र प्रताप सिंह शैली भारत सिंह पटेल मंत्री धनोरा सहित कई लोग प्रमुखता से मौजूद रहे

## संक्षिप्त समाचार

# नाबालिक से कार्य न कराए 10 दिन बाद चलेगा चेकिंग अभियान, पकड़े जाने पर होगी विधिक करवाई

क्यूँ न लिखूँ सच /रंजीत सिंह/ आजजिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद वासियों उद्यमी या व्यापारियों से आवाहन किया



कि वह नाबालिकों से कोई भी कार्य न कराए, 10 दिन बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा पकड़े जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद बदायूँ में लगभग 247000 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में 254 प्रतिष्ठान ई0पी0एफ0 में पंजीकृत है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम के इकलौते कुएं को पूरने का लगाया आरोप

क्यूँ न लिखूँ सच /राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन)तहसील क्षेत्र के ग्राम लाड़ूपुरा में ताकतबर व्यक्ति द्वारा ग्राम में स्थित इकलौता कुआं को पूरने का आरोप लगाते हुए एस डी एम से कार्यवाही की मांग की। ग्राम लाड़ूपुरा में काफी पुराना इकलौता कुआं है जिसे ग्राम का ही दबंग व्यक्ति कृष्ण गोपाल पुत्र विशुन दबंगई के बल पर सार्वजनिक कुआ को प्रधान की मिली भगत से पूरकर कब्जा करना चाहता है और मना करने पर झगड़े पर आमादा हो जाता है अगर भबिष्य में कोई दैवीय आपदा घटित होती है तो यही कुआ उस समय सहारा बनेगा जिस पर ग्रामीणों ने दिन सोमवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को एक शिकायती पत्र देते हुए अतिक्रमणकारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कुआं को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग की है इस दौरान लाखन सिंह तिलक सिंह राघवेंद्र चन्द्र प्रकाश पुरुषोत्तम रोहित दिनेश कल्लू सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्राओं को भविष्य के गोल के बारे में जानकारी दो गई

क्यूँ न लिखूँ सच /पवन कुमार/ कोंच(जालौन) ।गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर आज स्वर्गीय राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एक सैकड़ा छात्राओं को रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के बच्चियों को बहुत ही सप्त तारा ऋषियों के बारे में के डायरेक्टर इंजीनियर छात्राओं को उनके भविष्य अवसर पर कक्षा आठ में भविष्य का क्या गोल पढ़कर डॉक्टर बनना चाहती डॉक्टर बनने के बहुत ही के उपरांत ट्रस्ट की और से गुप्ता मयंक मोहन गुप्ता आज आवासीय विद्यालय इस अवसर पर आज



अध्यनरत कक्षा छह से आठ तक की लगभग संस्कार के विषय पर स्वर्गीय रामप्यारी देवी सदस्य शिक्षक समाज सेवी संजय सिधाल ने ज्ञानवर्धक बातें बतलाई उन्होंने बच्चियों को विस्तार से बतलाया वही इस अवसर पर ट्रस्ट राजीव कुमार रेजा ने कक्षा आठ में पढ़ने वाली के गोल के विषय में बतलाया वही इस पढ़ने वाली छात्रा नैंसी से पूछा आपने अपने बनाया है इस नैन्सी ने बताया कि वह आगे है इस पर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने उसे सरल और बेहतरीन उपाय बतलाये कार्यक्रम पूर्व में घोषित प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह सुनील इंजीनियर राजीव कुमार रेजा द्वारा छह पंखे की प्रबंधिका वन्दना वर्मा को भेंट किये वही विद्यालय प्रधानाचार्या वन्दना वर्मा ने तत्काल एक पंखा तथा विद्यालय में पढ़ाने वाली शिक्षका प्रतीक्षा गुप्ता द्वारा भी एक पंखा विद्यालय को भेंट किये वही कार्य क्रम में आये हुए अतिथियों का आभार विद्यालय की प्रबंधिका वन्दना वर्मा द्वारा व्यक्त किया गया इस अवसर पर वंदना प्रजापति रूपा देवी भी उपस्थित रही

# You can make tasty momos without sheets, using this easy recipe using ingredients you already have at home.

To make momos without sheets, you can prepare a soft dough at home from flour. Fill it with your favorite vegetable stuffing and steam it. This easy recipe helps you prepare tasty and healthy momos like the ones you find in the market. Momos have become a popular street food these days. Everyone, from children to adults, enjoys eating them. Sometimes people want to make momos at home. While they prepare the filling well, making the base or sheet seems difficult. To make momo sheets at home, a soft flour dough is prepared. Care is taken not to make the dough too hard. Then, it is rolled out, filled with the stuffing, and shaped into momos, which often goes wrong, resulting in unrealistic momos. The problem is that the sheets can sometimes be thin or thick. Although ready-made momo sheets are available in the market, making them easy to make at home, if you don't have a momo sheet, you can still make them without kneading dough. These days, recipes for making momos without kneading dough or momo sheets are going viral on social media. Delicious and soft momos can be easily made at home without kneading dough or momo sheets. All you need is flour, some vegetables, and a little time. Homemade momos are not only healthier but also allow you to customize them to your liking. If you're looking for something tasty for a weekend or evening snack, today we'll share an easy momo sheet-free recipe that everyone will appreciate. How to make tasty momos at home without a sheet: Step 1: First, prepare the stuffing for the momos. For this, heat some oil in a pan and add finely chopped cabbage, carrots, onions, and bell peppers. Add salt, pepper, and soy sauce to taste. Stir and cook over high heat for 2-3 minutes. Your tasty stuffing is ready. Be sure to add paneer to it so that it doesn't break while forming the stuffing balls. Step 2 - Now, take dry flour in one bowl and clean water in another bowl. Step 3 - When the stuffing cools down, make small balls from it. Step 4 - Now, coat one stuffing ball in flour and cover it completely. Step 5 - Then, dip the same ball in water and remove it. Step 6 - Cover the ball with dry flour again and dip it in water. Step 7 - Do this 3 to 4 times, making sure the balls don't break. Step 8 - Then, steam it in a steamer or idli cooker for 10-12 minutes. Prepare all the balls in the same manner and steam them. When the momos begin to look slightly shiny, they are ready. Serve them hot with spicy red chutney or mayonnaise.




# Coconut Water Alternatives: Can't afford coconut water every day? These 5 inexpensive drinks offer the same benefits.

If coconut water seems expensive, drinks like buttermilk, lemonade, fennel water, mango panna, and wood apple sherbet can be good alternatives. They can help keep the body hydrated, beat the heat, and feel refreshed. With the arrival of summer, people prefer drinking coconut water to keep the body cool and hydrated. The electrolytes and minerals present in it help refresh the body. However, the price of coconut water has increased significantly in many cities recently. Therefore, buying it daily is not within everyone's budget. However, the good news is that many indigenous and inexpensive drinks are available in our homes and Indian kitchens that can help relieve the heat and keep the body hydrated. These drinks are not only budget-friendly but are also often considered excellent in terms of taste and nutrition. The special thing is that most of these can be easily prepared at home. If you're looking for a cheaper alternative to coconut water in the summer, today we'll tell you about five drinks that can help cool and refresh your body. What are the cheaper alternatives to coconut water? Buttermilk - Buttermilk is considered a summer super drink. The probiotics present in it can help improve digestion. Drinking it with a little salt and roasted cumin can cool and refresh the body. Lemon Water - Lemon water is considered the easiest and cheapest option in summer. It contains vitamin C and can help refresh the body. Adding a little salt and honey can enhance its taste. Aam Panna - Aam Panna, made from raw mangoes, is very popular in the summer. It is considered a traditional drink that cools the body and provides relief from the heat. Fennel Water - Fennel water can help keep the body feeling light and cool. Many people like to drink it on an empty stomach in the summer. Its flavor is also light and refreshing. Bael Sharbat - Bael Sharbat is a popular summer drink. It's considered a cool drink and soothing to the stomach. It remains a popular summer drink in villages and small towns.




# Breakfast Tips: Never eat these things for breakfast, or you'll be in a bad state all day!

If you want to feel refreshed throughout the day, pay special attention to your breakfast. Here, we'll explain what you should avoid. Breakfast is considered the most important meal of the day, as it provides the body with energy for the entire day. However, due to haste or poor eating habits, many people end up eating breakfast that can harm the body instead of benefiting it. Eating a poor breakfast on an empty stomach can directly impact your digestive system and lead to feeling lethargic throughout the day. According to experts, a healthy and balanced breakfast not only energizes the body but also helps with weight control, improved metabolism, and mental focus. Therefore, it's crucial to know what to avoid for breakfast and which habits can harm your health. 1. Fried and oily foods - Eating too much fried and oily food on an empty stomach in the morning puts extra pressure on the digestive system. Foods like puris, kachoris, samosas, and fried snacks can cause heaviness in the stomach. This delays digestion and can increase acidity, gas, and lethargy. Long-term, this habit can also lead to weight gain and increased cholesterol. 2. Packaged juices - Many people consume sweet cereals or packaged juices in the morning, thinking they're healthy. However, these contain high amounts of sugar. This causes blood sugar to rise rapidly and then drop suddenly after a while. This impacts the body's energy levels and leads to early hunger. Consuming high-sugar snacks regularly can also increase the risk of obesity and diabetes. 3. Relying solely on tea or coffee - Starting the day with only tea or coffee in the morning doesn't provide the body with the necessary nutrition. Consuming too much tea or coffee on an empty stomach can cause acidity and gas. This can lead to weakness, fatigue, and a lack of focus. Doing this for a long time can also affect the digestive system. 4. Processed and instant foods - Instant noodles, processed snacks, and packaged foods are high in preservatives and sodium. These do not provide adequate nutrition and can harm gut health. Regularly eating these foods can weaken digestion and lead to nutrient deficiencies.



